भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 728

जिसका उत्तर 23.07.2026 को दिया जाना है

दुर्घटना-प्रवण क्षेत्र में सुधार और सड़क सुरक्षा

728. श्री अरविंद धर्मापुरी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दस वर्षों के दौरान तेलंगाना में राष्ट्रीय राजमार्गों पर जिला-वार चिह्नित और सुधारे गए दुर्घटना संभावित 'ब्लैक स्पॉट' की संख्या कितनी है;

(ख) निजामाबाद और जगतियाल जिलों में दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट और सड़क सुरक्षा कार्यों का स्वीकृत निधि और उनकी वर्तमान स्थिति सहित जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त जिलों के लिए दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट सुधार, उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण, बाईपास या अन्य सड़क सुरक्षा सुधारों के कोई प्रस्ताव लंबित हैं और यदि हाँ, तो जिला-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) तेलंगाना में जिला-वार लंबित सड़क सुरक्षा उपायों को पूरा करने की संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) तेलंगाना राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग पर वर्ष 2016-18, 2018-20, 2019-21 और 2020-22 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के आधार पर 1513 दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट की पहचान की गई है। अधिकांश दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट के लिए आवश्यक अस्थायी सुधार उपाय पहले ही पूरे किए जा चुके हैं। स्थायी सुधार उपायों की पूर्णता की स्थिति **अनुलग्नक** में दिया गया है।

निजामाबाद और जगतियाल जिले में दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट के सुधार के लिए लगभग 1023 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है।

पुलों, बाईपास के निर्माण और सुरक्षा उपायों सहित राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों में सुधार एक सतत प्रक्रिया है। निजामाबाद और जगतियाल जिलों में सड़क सुरक्षा पहलुओं सहित एनएच-63, एनएच-61 और एनएच-44 पर सुधार कार्य विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रमों के तहत योजना और कार्यान्वयन के चरणों में हैं। तेलंगाना में सड़क सुरक्षा उपायों की स्थिति की मौजूदा नीति और प्राथमिकताओं के अनुसार समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

अनुलग्नक

"दुर्घटना-प्रवण क्षेत्र में सुधार और सड़क सुरक्षा" के संबंध में श्री अरविंद धर्मापुरी द्वारा पूछे गए दिनांक 23 जुलाई, 2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 728 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

क्र. सं.	जिला	कुल ब्लैकस्पॉट्स	सुधार उपाय	
			पूर्ण/अपेक्षित नहीं	पूर्णता के विभिन्न चरणों में
1	आदिलाबाद	16	12	4
2	भद्राद्री कोठागुडेम	66	66	0
3	हनुमाकोंडा	39	39	0
4	हैदराबाद	22	15	7
5	जगतियाल	107	99	8
6	जंगाँव	36	36	0
7	जयशंकर भूपलपल्ली	33	14	19
8	जोगुलम्बा गडवाल	21	13	8
9	कामरेड्डी	45	39	6
10	करीमनगर	54	54	0
11	खम्मम	131	125	6
12	कुमुरम भीम आसिफाबाद	10	10	0
13	महबूबाबाद	13	12	1
14	महबूबनगर	48	41	7
15	मंचेरियल	83	79	4
16	मेडक	79	74	5
17	मेडचल-मलकजगिरी	81	55	26
18	मुलुगु	35	34	1
19	नागरकुरनूल	23	23	0
20	नल्गोंडा	68	63	5
21	नारायणपेट	1	1	0
22	निर्मल	52	51	1
23	निजामाबाद	78	75	3
24	पेद्दापल्ली	0	0	0
25	राजन्ना सिरसिला	5	5	0
26	रंगारेड्डी	85	56	29
27	संगारेड्डी	66	37	29
28	सिद्दिपेट	8	8	0

29	सूर्यपेट	68	58	10
30	विकाराबाद	30	23	7
31	वानपार्थी	26	21	5
32	वारंगल	55	50	5
33	यादाद्री भुवनगिरी	29	20	9
	कुल	**1513**	**1308**	**205**

*****